# महाकाल के दर्शन करने | By Sanjay Chauhan |

महाकाल के दर्शन करने
पहली बार मैं आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

महाकाल के मंदिर में जो
दर्शन करने आते हैं
महाकाल के आशीष से
जीवन से मुक्ति पाते हैं
महिमा सुनकर महाकाल की
मैं भी दौड़ा आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

महाकाल के दर्शन करने
पहली बार मैं आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

मैंने सुना है महाकाल को
भस्म चढ़ाई जाती है
महाकाल की भस्म आरती
रोज उतारी जाती है
भस्म आरती के दर्शन
पाने को मैं भी आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

महाकाल के दर्शन करने
पहली बार मैं आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

सोमवार को सावन में
महाकाल सवारी निकलती है
रजत प्रतिमा की शोभा तो
बड़ी सुहानी लगती है
रजत प्रतिमा के दर्शन
करने को मैं भी आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

महाकाल के दर्शन करने
पहली बार मैं आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

उज्जैनी में शिप्रा जी का

छल छल पानी बहता है
महाकाल शिव शंकर के
गुणगान हमेशा करता है
शिप्रा जल में डुबकी लगाने
उज्जैन नगरी आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

महाकाल के दर्शन करने
पहली बार मैं आया हूँ
भांग, धतूरा, फूल प्रसादी
शिव को चढ़ाने आया हूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%87-by-sanjay-chauhan/